# लखनऊ विश्वविद्यालय

## लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2022

दिनांक :..........................................

ई—मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

*शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध*

प्रबन्धक/प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
जनपद—लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी।

महोदय,

उ0प्र0 शासन द्वारा नवीन महाविद्यालय अथवा पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रमों/विषयों के सहयुक्तता प्राप्त करने हेतु *"henoc.upsdc.gov.in" पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन* सुनिश्चित किये जाने के क्रम में **संशोधित समय सारिणी के अनुसार** दिनांक 14.05.2022 तक अनापत्ति/सम्बद्धता के पोर्टल *"henoc.upsdc.gov.in" पर* निरीक्षण आख्या अपलोड कराकर निरीक्षण आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है जिसकी सूचना पूर्व में **दिनांक 13.04.2022 एवं 09.05.2022** द्वारा दी जा चुकी है।

अतः जिन महाविद्यालयों को ऑनलाइन आवेदन के क्रम में निरीक्षण मण्डल नामित किये जा चुके हैं, को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 14.05.2022 तक प्रत्येक दशा में शासन के **अनापत्ति/सम्बद्धता के पोर्टल *"henoc.upsdc.gov.in"* पर निरीक्षण आख्या अपलोड कराकर 14.05.2022 तक ही निरीक्षण आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें** अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : Af/ 9149-53 दिनांक : 13/05/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर—एम, आशियान लखनऊ को इस आशय से कि शासन के निर्देशानुसार निरीक्षण आख्या दिनांक 12.05.2022 तक शासन के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. प्राचार्य—राजकीय महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) को इस आशय से प्रेषित कि जिन महाविद्यालयों की सहयुक्तता के निरीक्षण मण्डल में सदस्य सचिव नामित हों, उनकी निरीक्षण आख्या शासन के पोर्टल पर दिनांक 14.05.2022 तक अपलोड करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
4. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई—मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव